आकाशवाणी केन्द्र शिमला
07.02.2025 / प्रादेशिक समाचार / 18.00बजे

भ्रमण

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज शिमला में सरकारी स्कूलों के 50 मेधावी विद्यार्थियों को कम्बोडिया और सिंगापुर के भ्रमण के लिए रवाना किया। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर भी इन बच्चों के साथ अभिभावक के रूप में विदेश भ्रमण पर जा रहे हैं। ये बच्चे 17 फरवरी को स्वदेश लौटेंगे। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश के इतिहास में पहली बार सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों को विदेश भ्रमण पर भेजा गया है और ये बच्चे वहां की संस्कृति, ऐतिहासिक धरोहरों, वास्तु कला, विज्ञान और तकनीकी विकास को जान पाएंगे। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव ला रही है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि अगले वर्ष सौ मेधावी बच्चों के साथ अनाथ बच्चों को भी विदेश भ्रमण पर भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि इससे पहले सरकार ने 2 सौ अध्यापकों को सिंगापुर के विदेश भ्रमण पर भेजा था ताकि दुनिया की बेहतर शिक्षण प्रणाली को प्रदेश में लागू किया जा सके। आज विदेश भ्रमण पर रवाना किए गए 11वीं और 12वीं कक्षा के वे विद्यार्थी शामिल हैं जिन्होंने 10वीं कक्षा में टॉप किया है। आकाशवाणी से बातचीत में विदेश भ्रमण को लेकर ये बच्चे बेहद खुश दिखे।

इंदू गोस्वामी

राज्यसभा सांसद इंदू गोस्वामी ने नई दिल्ली में केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से भेंट कर हिमाचल के लिए केन्द्रीय बजट में उदार धन राशि आबंटित करने पर उनका आभार जताया। उन्होंने हिमाचल की रेल परियोजनाओं के बजट में बढ़ौतरी करने, बैजनाथ व पपरोला सहित चार रेलवे स्टेशनों को अमृत स्टेशन विकसित करने के

लिए पर्याप्त धन राशि का प्रावधान करने और जल जीवन मिशन की अवधि बढ़ाने के लिए भी केन्द्रीय वित्त मंत्री का धन्यवाद किया।

विधानसभा उपाध्यक्ष

विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार ने आज सिरमौर ज़िले के नागरिक अस्पताल ददाहू में 10 लाख रूपये से स्थापित एक्स–रे प्लांट का लोकार्पण किया। इससे क्षेत्र की लगभग 30 पंचायतों के लोगों को एक्स–रे की सुविधा मिलेगी। विनय कुमार ने कहा कि अब लोगों को एक्स–रे करवाने के लिए नाहन या दूसरे शहरों में नहीं जाना पड़ेगा। उन्होंने बताया कि ददाहू अस्पताल को अल्ट्रासाउंड मशीन भी जल्द ही उपलब्ध करवा दी जाएगी।

राजीव बिंदल

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा है कि अगले वित्त वर्ष के बजट से देश के सभी क्षेत्रों का विकास संभव होगा और इस बजट में देश को विकास की दिशा में आगे ले जाने के लिए अनेक प्रावधान किए गए हैं। बिंदल ने कहा कि आम बजट से कर्मचारियों, किसानों, छोटे व्यापारियों, युवाओं और महिलाओं का विशेष लाभ मिलेगा।

नमस्कार।